an>

Title: Regarding opening of IIT in Gorakhpur.

श्री रवि किशन (गोरखपुर): माननीय सभापति जी, आपने मुझे जीरो ऑवर में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं ।

मैं पूर्वांचल के स्टूडेंट्स के बारे में बताना चाहता हूं । यह बहुत ही चिंता का विषय है । मेरा संसदीय क्षेत्र गोरखपुर एजुकेशनल हब है । योगी आदित्यनाथ जी ने इस पर बहुत काम किया है । यशस्वी प्रधान मंत्री मोदी जी ने वहां फर्टीलाइजर का बहुत बड़ा प्लांट लगाया है । यहां एम्स भी है । यहां बच्चों के लिए अपॉरच्युनिटीज़ भी बड़ी हो गई हैं इसलिए बच्चे आईआईटी की पढ़ाई के लिए पलायन कर जाते हैं । हमारे यहां प्रतियोगी संस्थान खोला जाना चाहिए । आईआईटी की पढ़ाई और आईपीएस, आईएएस के रैंक में पूर्वांचल के बच्चे, खासकर गोरखपुर के बच्चे फैन्टास्टिक हैं, लेकिन उन्हें अपने माता-पिता को छोड़कर दूसरे शहरों में पढ़ने के लिए जाना पड़ता है । अगर यहां शिक्षा मंत्री जी के माध्यम से आईआईटी के लिए संस्थान खोला जाएगा तो हमें बहुत खुशी होगी ।

स्वरोजगार, जिसके बारे में हमारे यशस्वी प्रधान मंत्री मोदी जी भी चाहते हैं कि हमारे बच्चे अपने क्षेत्र में रहें और वहीं पढें । आज वहां जॉब अपॉरच्युनिटी उपलब्ध है । आज गोरखपुर हर तरीके से एक राजधानी का रूप धारण कर लिया है ।

सभापति महोदय, मैं चाहूंगा कि शिक्षा मंत्रालय कृपया इस पर ध्यान दे । वहां पर आईआईटीएन्स के लिए, हमारे बच्चों के लिए एक संस्थान बनाया जाए । धन्यवाद ।